# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्याःएमई–3 / यू0जी0–2021 / 162 लखनऊःदिनांकः 22 जनवरी, 2022

## आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 मे प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियो को अभिलेखो के सत्यापन के समय आ रही कठिनाइयो के दृष्टिगत निम्नांकित सूचना जनहित मे प्रसारित की जा रही है:–

- ऐसे अभ्यर्थी जिनका नीट यू0जी0 2021 की पंजीकरण स्लिप पर फोटो नहीं है, वह अपना अथवा मिलान नहीं हो पा रहा है, वह अभ्यर्थी नीट परीक्षा 2021 के फार्म मे चस्पा की गई फोटो को पंजीकरण फार्म मे चस्पा कर स्वप्रमाणित करते हुए अपने अभिलेखो का सत्यापन करा सकते है।
- यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 के पंजीकरण फार्म भरते समय किसी भी प्रकार की त्रुटि का निराकरण अभ्यर्थी सम्बन्धित नोडल सेन्टर में करा सकते है।
- यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 में अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण–पत्र दिनांक 01.04.2021 अथवा उसके पश्चात् का प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
- यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 में प्रतिभाग करने वाले कुछ अभ्यर्थी कोरोना संक्रमण से ग्रसित है, अतएव समय उपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थी अपने अभिभावक को अभिलेखो के सत्यापन हेतु अधिकृत करते हुए कोविड पाजिटिव रिपोर्ट, मूल शैक्षणिक / जाति / अन्य प्रमाण–पत्रो / अभिलेखो के साथ चुने हुए नोडल सेन्टर पर अपना अभिलेखो का सत्यापन करा सकते है। प्रतिबन्ध यह है कि अभ्यर्थी के वैरिफिकेशन हेतु नोडल इन्चार्ज द्वारा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उसी अभ्यर्थी के होने की पुष्टि की जायेगी।

महानिदेशक